कार्यालय प्रथम अपील अधिकारी, जिला कलक्टर,दौसा

श्री राजकुमार कसाना पताः132 केवी, जीएसएस, आरवीपीएनएल, बांदीकुई 303313

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा।

अपील संख्याः 21/2024

दिनांक :08.05.2024

निर्णय

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील प्रस्तुत की है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा से सम्बन्धित है। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा को पत्र क्रमांकः डी0एम0/कोर्ट/2024/1251 दिनांक 24.04.2024 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा द्वारा पत्र क्रमांकः आरटीआई/2024/27 दिनांक 02.05.2024 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से पत्र कमांक आरटीआई/2024/26 दिनांक 02.05.2024 को अवगत करा दिया गया है। उक्त पत्र की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

Devendra

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर,दौसा

जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 12:29:35 IST
Reason: SelfAttested